RAJASTHAN HIGH COURT
सत्यमेव जयते

**HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN**
**BENCH AT JAIPUR**

S.B. Civil First Appeal No. 77/2004

Smt Shanti Rani W/o Shri Kishan Lalji,

----Appellant

Versus

Ramchandra Gupta S/o Shri Sukhdev,

----Respondent

| | | |
|---|---|---|
| For Appellant(s) | : | Mr. Mayank Choudhary<br>Mr. Yashwant Singh for<br>Ms. S. Kasliwal |
| For Respondent(s) | : | Mr. Rishabh Bhidasea<br>Ms. Mitali Khandal for<br>Mr. B.L.Agarwal |

**HON'BLE MRS. JUSTICE SHUBHA MEHTA**

**Order**

**15/01/2026**

प्रत्यर्थीगण की ओर से प्रार्थना–पत्र संख्या 19679/2018 मध्यवर्ती लाभ बढ़ाए जाने हेतु प्रस्तुत किया था जो सात वर्ष से लम्बित है, इसी प्रार्थना–पत्र पर शीघ्र सुनवाई के लिए प्रार्थना–पत्र संख्या 01/2025 पेश किया गया है। प्रकरण के तथ्यों एवं परिस्थितियों में शीघ्र सुनवाई का प्रार्थना–पत्र संख्या 01/2025 स्वीकार किया जाता है।

अपीलार्थी ने प्रकट किया कि पूर्व में प्रार्थना–पत्र संख्या 19679/2018 पर न्यायालय ने दिनांक 18.07.2022 को यह आदेश दिया था कि इस प्रार्थना–पत्र पर अपील की अंतिम सुनवाई के समय ही सुनवाई की जा सकेगी।

दोनों पक्षकारों को सुना गया।

यह सही है कि अपील की शीघ्र सुनवाई का प्रार्थना–पत्र पूर्व में स्वीकार किया गया है परंतु उसके पश्चात् अब तीन वर्ष की अवधि हो चुकी है एवं अपील सुनवाई में नहीं आई है। ऐसी स्थिति में प्रार्थना–पत्र संख्या 19679/2018 जो मध्यवर्ती लाभ बढ़ाए जाने के लिए प्रस्तुत किया गया है उस पर पहले सुनवाई करना उचित है। अतः प्रकरण उक्त प्रार्थना–पत्र पर सुनवाई हेतु दिनांक 30.01.2026 को सूचीबद्ध हो।

(SHUBHA MEHTA),J

AJAY KUMAR SINGHAL /45